**भारतीय रिज़र्व बैंक और नई दिल्ली में बैंक के औषधालयों से जारी ऑर्डर/क्रेडिट स्लिप के आधार पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आरबीआई के कर्मचारियों, उनके पात्र आश्रितों और सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को उनके घर, आरबीआई कॉलोनी या आरबीआई कार्यालय मे दवाइयों की सप्लाई और डोर-स्टेप डिलीवरी के लिए ई-निविदा**

**09 सितंबर 2026 को आयोजित बोली-पूर्व बैठक का विवरण**

उपर्युक्त निविदा के लिए बोली-पूर्व बैठक 09 सितंबर 2026 को सुबह 11:00 बजे भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। इस बैठक में तीन फर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली के अधिकारियों और बैठक में शामिल होने वाली फर्मों के प्रतिनिधियों की सूची इस दस्तावेज़ के अनुलग्नक में दी गई है।

2. बैठक की शुरुआत ई-निविदा और कार्य के दायरे के संक्षिप्त परिचय से हुई। इसके पश्चात, फर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा निम्नलिखित प्रश्न पूछे गए, जिनका बैंक द्वारा समाधान किया गया:

| **क्र सं** | **प्रश्न** | **बैंक द्वारा स्पष्टीकरण** |
|---|---|---|
| 1) | निविदा दस्तावेज़ के सेक्शन III(बी) के पैरा 3 में उल्लिखित "समान कार्य के निष्पादन का अनुभव" के संदर्भ में, क्या थोक आपूर्ति या डोरस्टेप डिलीवरी या दोनों के अनुभव को माना जाएगा? | समान कार्य/यों का अर्थ निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित दवाओं की आपूर्ति और वितरण का कार्य है। किसी भी श्रेणी में अनुभव अर्थात थोक आपूर्ति या डोरस्टेप डिलीवरी या दोनों, को मान्यता दी जाएगी। |
| 2) | क्या बोलीदाता के पास पिछले पाँच वर्षों में से प्रत्येक वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए? | हाँ। कृपया निविदा दस्तावेज़ के सेक्शन III (बी) के पैरा 3 में दिए गए स्पष्टीकरण का संदर्भ लें। |
| 3) | क्या पूरे किए गए प्रत्येक समान ऑर्डर (सेक्शन III (बी) पैरा 4) का न्यूनतम मूल्य पाँच वर्षों में से किसी भी अवधि का हो सकता है? | हाँ। |
| 4) | क्या पिछला आदेश सरकारी या निजी संस्थानों के संबंध में हो सकता है? | यह सरकारी या निजी या दोनों के लिए हो सकता है। |
| 5) | स्थानीय उपस्थिति के संबंध में, क्या किसी न्यूनतम स्थानीय कार्य अनुभव की आवश्यकता है? | बोली लगाने वाले के पास भाग I में निविदा जमा करने से पहले दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में कोई दुकान या संस्था होनी चाहिए। निविदा दस्तावेज़ के अनुसार स्थानीय स्तर पर कार्य का कोई न्यूनतम अनुभव ज़रूरी नहीं है। |
| 6) | बिल का भुगतान कितने दिनों में किया जाएगा? | सही बिल प्रस्तुत करने की तिथि से सामान्यतः 30 कार्य दिवसों के भीतर भुगतान की |

| | | |
|---|---|---|
| | | व्यवस्था की जाएगी। हालांकि, यदि संविदा के 'सेक्शन IV: कार्य-दायरा और सामान्य नियम एवं शर्तें' के अंतर्गत उल्लिखित किसी भी कारण से भुगतान में देरी होती है तो आपूर्तिकर्ता बैंक से ब्याज या हर्जाने का कोई दावा नहीं करेगा। |
| 7) | सॉफ़्टवेयर बैंक उपलब्ध कराएगा या सप्लायर? | आपूर्तिकर्ता के लिए एक मजबूत सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन होना आवश्यक है। |
| 8) | क्या दवाओं पर मुहर लगाना अनिवार्य है? | हाँ |
| 9) | क्या दवाइयों के उपलब्ध न होने पर उनका विकल्प इस्तेमाल किया जा सकता है? | यह स्पष्ट किया गया कि क्रेडिट स्लिप के ज़रिए सप्लाई के मामले में बैंक के प्राधिकृत प्रतिनिधि की अनुमति के बिना और इंडेंट के ज़रिए सप्लाई के मामले में बैंक की अनुमति के बिना (जैसा कि सेक्शन IV में बताया गया है), दवाइयाँ नहीं बदली जाएँगी। |
| 10) | चयनित आपूर्तिकर्ताओं के बीच कार्य का वितरण कैसे किया जाएगा? | यदि कार्य H1 और H2 बोलीदाताओं के बीच 60:40 के अनुपात में वितरित किया जाता है, यानी H1 बोली लगाने वाले को 60% और H2 बोली लगाने वाले को 40%, तो बोली लगाने वालों के बीच थोक आपूर्ति ऑर्डर और क्रेडिट स्लिप के ऑर्डर को समान अनुपात में वितरित करने का प्रयास किया जाएगा। |
| 11) | क्या एमएसएमई जैसे कुछ खास श्रेणी के व्यापारियों को बयाना जमाराशि(ईमडी) से छूट दी गई है? | एमएसएमई के लिए ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। |
| 12) | ईएमडी के बदले, क्या फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) प्रस्तुत की जा सकती है? | नहीं |
| 13) | एकल स्वामित्व द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज़ क्या हैं? | एकल स्वामित्व के मामले में सेक्शन III (डी): निविदा दस्तावेज़ के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची का संदर्भ लें। उदाहरण के लिए जीएसटी पंजीकरण की प्रति। |
| 14) | शोधक्षमता प्रमाण पत्र के संबंध में, क्या इस प्रमाण पत्र के लिए कोई अन्य विकल्प है क्योंकि प्रमाण पत्र की लागत Rs 20,000 से 45,000 के बीच है? | नहीं। शोधक्षमता प्रमाण पत्र अनुलग्नक 3 के अंतर्गत दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार होना चाहिए जिसका शीर्षक 'बैंकर का प्रमाण पत्र' है। |

| | | |
|---|---|---|
| 15) | गैर दोषसिद्धि प्रमाण पत्र - क्या गैर-दोषसिद्धि प्रमाण पत्र जारी करने की कोई निर्धारित तिथि है? | यह यथासंभव नवीनतम तिथि का होना चाहिए। |
| 16) | आरबीआई, नई दिल्ली के औषधालय कहां स्थित हैं? | नई दिल्ली में आरबीआई के पांच औषधालय हैं। डिस्पेंसरी के नाम और पते निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक XVI में दिए गए हैं। |
| 17) | डिस्पेंसरी द्वारा बल्क ऑर्डर कितनी बार दिए जाते हैं? | यह आम तौर पर तिमाही आधार पर होता है। |
| 18) | सप्लाई की गई दवाओं की बची हुई शेल्फ-लाइफ़ के बारे में क्या गाइडलाइन्स हैं? | सप्लाई की जाने वाली दवाओं की शेल्फ-लाइफ, सप्लाई के समय उसकी कुल शेल्फ-लाइफ के आधे से ज़्यादा नहीं गुज़री हुई होनी चाहिए, जैसा कि निविदा दस्तावेज़ के सेक्शन IV में बताया गया है। |
| 19) | क्या आपूर्तिकर्ता को आरबीआई डिस्पेंसरी से मिले ऑर्डर पूरे करने के लिए अलग से इंतज़ाम करने की ज़रूरत है? | अगर आपूर्तिकर्ता अपने मौजूदा सेटअप के साथ ही ऑर्डर पूरे कर सकता है, तो इसकी ज़रूरत नहीं है। |

**अनुलग्नक - 09 सितंबर 2026 को आयोजित बोली पूर्व बैठक में भाग लेने वाले प्रतिभागी**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | प्रतिभागी का नाम (श्री / सुश्री) |
|---|---|---|
| 1. | गौतम एंटरप्राइजेज | श्री गौतम भटिया |
| 2. | आरवी फार्मेसी | श्री अलिकेश अवस्थी |
| 3. | कौशिक मेडिकल स्टोर | श्री राजीव कौशिक |
| 4. | कौशिक मेडिकल स्टोर | सुश्री मीनाक्षी बोस |

**बैठक में उपस्थित आरबीआई, नई दिल्ली के प्रतिनिधि:**

| क्र. सं. | नाम (श्री / सुश्री) | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | सुश्री ज्योति सयांकृत | उप महाप्रबंधक |
| 2. | सुश्री रश्मा ठुकराल | सहायक महाप्रबंधक |
| 3. | श्री सुनील निगम | सहायक महाप्रबंधक |
| 4. | सुश्री सुस्मिता कगितापल्ली | प्रबंधक |
| 5. | सुश्री अनुप्रिया गुप्ता | प्रबंधक |
| 6. | सुश्री सुषमा द्विवेदी | सहायक प्रबंधक |
| 7. | श्री अरविंद बसाक | सहायक प्रबंधक |